# महावीरा कृषि समाचार

YEAR 4 | EDITION 6 | जून, 2026 | www.rmphosphates.com

# एग्रीकल्चर News:

## कैसे ICU में पहुंचे किसानों के खेत ?

### अब मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए 'खेत बचाओ अभियान' शुरू :

खेत बचाओ अभियान केंद्र सरकार द्वारा मिट्टी की सेहत सुधारने, कृषि की लागत कम करने और किसानों को वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। यह मुख्य रूप से रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल से बंजर होती धरती को बचाने पर केंद्रित है।

इस अभियान से जुड़ी मुख्य बातें इस प्रकार हैं :

- **उद्देश्य:** अंधाधुंध केमिकल, खाद और कीटनाशकों के असंतुलित उपयोग को रोकना, जो मिट्टी के प्राकृतिक पोषक तत्वों को नष्ट कर रहे हैं।
- **अवधि:** यह अभियान पूरे देश में एक महीने तक (1 जून से 30 जून) चलाया जाता है।



RMPCL

तुरंत एक्सपर्ट कृषि सलाह व समाधान पाये,
आज ही हमसे कॉल द्वारा जुड़े : 8956926412

MAHAVEERA ZIRON

# धान की उन्नत खेती के बारे में जानकारी -

धान की फसल से अधिक उत्पादन एवं अच्छी गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए उन्नत तकनीकों का पालन करना बहुत आवश्यक है।



## भूमि एवं जलवायु

- धान के लिए दोमट या चिकनी दोमट मिट्टी उपयुक्त रहती है।
- खेत में पानी रोकने की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए।
- तापमान 20–35°C धान की वृद्धि के लिए अच्छा माना जाता है।

## उन्नत किस्मों का चयन

क्षेत्र अनुसार प्रमाणित एवं अधिक उत्पादन देने वाली किस्में चुनें:

- सामान्य किस्में: MTU-1010, IR-64, स्वर्णा
- सुगंधित किस्में: बासमती, पूसा बासमती
- कम अवधि वाली किस्में: 110–125 दिन की





## बीज एवं बीज उपचार

- प्रमाणित एवं स्वस्थ बीज का उपयोग करें।
- बीज दर:
  रोपाई विधि: 8–10 किग्रा प्रति एकड़
  सीधी बुवाई: 12–15 किग्रा प्रति एकड़
- बीज उपचार फफूंदनाशक एवं जैविक उत्पादों से करें।

RMPCL
आ गया है एकसाथ 6 पोषक तत्वों वाला 6 Nutrition का Sixer
महावीरा ज़िरोंन पॉवर सभी फसलों के लिए मान्य
MAHAVEERA ZIRON

## नर्सरी प्रबंधन -

- स्वस्थ पौधा तैयार करें।
- 20–25 दिन की पौध रोपाई के लिए उपयुक्त रहती है।
- पौध की दूरी 15–20 सेमी रखें।





## खाद एवं उर्वरक प्रबंधन

- गोबर की खाद: 4–5 टन प्रति एकड़
- मिट्टी परीक्षण के अनुसार उर्वरक दें।
- नाइट्रोजन (यूरिया) को 2–3 भागों में दें।
- ज़िंक की कमी होने पर ज़िंक सल्फेट का उपयोग करें।

## सिंचाई प्रबंधन

- लगातार गहरा पानी न रखें।
- 2–5 सेमी पानी पर्याप्त होता है।
- फूल एवं दाना बनने की अवस्था में पानी की कमी न होने दें।





## खरपतवार नियंत्रण

- रोपाई के 20–25 दिन बाद डोरा/निंदाई करें।
- आवश्यकता अनुसार खरपतवारनाशी का प्रयोग करें।

## रोग एवं कीट नियंत्रण

- मुख्य रोग :
- Blast disease (ब्लास्ट)
- Bacterial leaf blight (झुलसा रोग)

## मुख्य कीट:

- तना छेदक (Stem Borer)
- भूरा फुदका (Brown Plant Hopper)



RMPCL
महावीरा ले कर आया है अपने किसान भाइयों के लिए
उत्तम जल घुलनशील उर्वरक उम्दा क्वालिटी के साथ
MAHAVEERA ZIRON

# खाद और उर्वरक खाद प्रबंधन

## धान की फसल में पोषक तत्वों का प्रबंधन (RDF Dose - KG 48:24:16) प्रति एकड़

| अवधि | Mahaveera Ziron Power Plus | MOP | Urea | Symtron | AMITRON-Z (Zinc + Amino Acid) | Boron | Mgso4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | KG | KG | KG | KG | ML | GM | KG |
| बुवाई के समय | 150 | 26 | 30 | 4 | 0 | 0 | 25 |
| 20-25 दिन बाद में | 0 | 0 | 30 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 40-45 दिन बाद में | 0 | 0 | 30 | 0 | 500 | 250 | 0 |
| 85-90 दिन बाद में | 0 | 0 | 15 | 0 | 0 | 0 | 25 |
| कुल मात्रा KG/GM/ML | 150 | 26 | 105 | 4 | 500 | 250 | 0 |
| जल घुलनशील उर्वरक 4-5 ग्राम /लीटर पानी में | 25-30 दिन की अवधि मे 19:19:19 , 45-50 दिन की अवधि मे 12:61:00 , 50-55 दिन की अवधि मे CN+B/ 00.52.34, तथा 80-85 दिन की अवधि मे 13:00:45/ 00.00.50 का एक छिड़काव अवश्य करे | | | | | | |

## कटाई एवं भंडारण

- जब 80–85% बालियाँ पक जाएँ, तब कटाई करें।
- कटाई के बाद धान को अच्छी तरह सुखाकर सुरक्षित भंडारण करें।

### अधिक उत्पादन के लिए विशेष सुझाव

- समय पर बुवाई/रोपाई करें।
- संतुलित उर्वरक उपयोग करें।
- रोग-कीट नियंत्रण समय पर करें।
- खेत में जल निकास एवं नमी का संतुलन बनाए रखें।
- गुणवत्तापूर्ण बीज का उपयोग करें।



RMPCL
किसान भाइयों की हर परेशानी का सिर्फ एक ही इलाज
महावीरा ज़िरोंन, वॉटर सॉलयुबल खाद और सूक्ष्मतत्वों का साथ
MAHAVEERA ZIRON

# महावीरा एग्री एडवाइज़री

## धान (Rice) फसल में Blast Disease (ब्लास्ट रोग) के लक्षण एवं उपाय बताए :

**लक्षण:**

- पत्तियों पर हीरे (डायमंड) आकार के भूरे धब्बे दिखाई देते हैं।
- पौधे सूखने लगते हैं और बालियाँ काली पड़ सकती हैं।

**उपाय:**

- संतुलित मात्रा में नाइट्रोजन दें।
- रोग दिखने पर ट्राइसाइक्लाजोल 75 WP @ 120 ग्राम/एकड़ का छिड़काव करें।



## धान (Rice) फसल में Bacterial leaf blight (झुलसा रोग / लीफ ब्लाइट) के लक्षण एवं उपाय बताए :

**लक्षण:**

- पत्तियाँ पीली-हरी चित्तीदार दिखाई देती हैं।
- पौधों की वृद्धि रुक जाती है।

**उपाय:**

- खेत में अधिक पानी भराव न रखें।
- कॉपर आधारित दवा या स्ट्रेप्टोसाइक्लिन + कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का छिड़काव करें (कृषि विशेषज्ञ की सलाह अनुसार)।



# सोयाबीन फसल में डोरा (Dora) चलाने से क्या फायदे होते हैं, खासकर बुवाई के 20–30 दिन बाद।

## डोरा चलाने के फायदे:

- खरपतवार नियंत्रण (Weed Control) खेत में उगे छोटे खरपतवार नष्ट हो जाते हैं, जिससे पोषक तत्व, पानी और धूप की प्रतिस्पर्धा कम होती है।
- मिट्टी में हवा का संचार बढ़ता है मिट्टी की ऊपरी परत हल्की टूटने से जड़ों तक ऑक्सीजन अच्छी पहुँचती है और पौधों की वृद्धि बेहतर होती है।
- नमी संरक्षण ऊपरी कठोर परत टूटने से मिट्टी में नमी लंबे समय तक बनी रहती है।
- जड़ों का विकास अच्छा होता है पौधे मजबूत बनते हैं और शाखाएँ अच्छी निकलती हैं।
- उर्वरकों का बेहतर उपयोग खाद/उर्वरक मिट्टी में अच्छी तरह मिलते हैं, जिससे पोषक तत्वों का उपयोग बढ़ता है।
- उपज में वृद्धि समय पर डोरा चलाने से पौधों की बढ़वार अच्छी होती है और उत्पादन बढ़ने की संभावना रहती है।



RMPCL
महावीरा ले कर आया है अपने किसान भाइयों के लिए
उत्तम जल घुलनशील उर्वरक उम्दा क्वालिटी के साथ
MAHAVEERA ZIRON

## कपास की फसल में Root Rot (जड़ सड़न रोग) के बारे में बताए ?

**लक्षण:**

- पौधे अचानक सूखने लगते हैं, जड़ें काली पड़ती हैं

**उपाय:**

- बीज उपचार करें, जलभराव न होने दें।
- ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करें।





# महावीरा यशोगाथा

**राहुल पटेल**
**विजयवाड़ा, होशंगाबाद**
**फसल- धान**
**मोबाइल : 8815454377**
**प्रोडक्ट- महावीरा ज़िरोंन**



मेरे पास 6 एकड़ जमीन है। मैंने अपनी धान की फसल में प्रति एकड़ 2 बोरी महावीरा ज़िरोंन खाद का उपयोग किया है। यह जड़ों के विकास से लेकर बेहतर उत्पादन तक फसल को संपूर्ण पोषण प्रदान करती है। यह धान की फसल का हरा-भरा रंग बनाए रखने में भी मदद करती है। मेरी PB -1 शक्तिवर्धक किस्म की फसल अभी लगभग 75–80 दिन की हो चुकी है। इसमें कल्लों की मोटाई काफी अच्छी आई है और बालियों की लंबाई भी अच्छी दिख रही है। जिससे इस बार अच्छे उत्पादन की उम्मीद है। मैं सभी किसानों को सलाह दूँगा कि आप भी महावीरा ज़िरोंन का उपयोग करें और अधिक उत्पादन का लाभ उठाएँ।

**भगवान जी वानखेड़े**
**खंडवा**
**फसल- कपास**
**मोबाइल : 9003297922**
**प्रोडक्ट- महावीरा ज़िरोंन**



मैं काफी समय से महावीरा ज़िरोंन खाद का उपयोग कर रहा हूँ। इसके इस्तेमाल से मेरी कपास में जेंडों (बॉल्स) का आकार बड़ा हुआ है और फलों की संख्या भी अच्छी है। अभी मेरी फसल में अच्छी फ्लावरिंग चल रही है। इसकी मिट्टी भुरभुरी है, जिससे जड़ों का विकास भी मजबूत और मोटा हुआ है। कुल मिलाकर मेरी फसल बहुत अच्छी स्थिति में है। मैं सभी किसान भाइयों से कहना चाहता हूँ कि वे महावीरा ज़िरोंन खाद का उपयोग करें और अपनी फसल का बेहतर उत्पादन लेकर अधिक से अधिक मुनाफा कमाएँ।




RMPCL
तुरंत एक्सपर्ट कृषि सलाह व समाधान पाये,
आज ही हमसे कॉल द्वारा जुड़े : 8956926412
MAHAVEERA ZIRON